उत्तर प्रदेश शासन
परिवहन अनुभाग-3
संख्या-112/2024/2682/तीस-3-2024
लखनऊः दिनांकः 10 अक्टूबर, 2024

<u>विज्ञप्ति/नियुक्ति</u>

परिवहन आयुक्त संगठन के अंतर्गत कार्यरत श्री प्रेम सिंह, संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) को लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, प्रयागराज की संस्तुति के आधार पर निर्देश याचिका संख्या-1430/2023 प्रेम सिंह बनाम प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन व अन्य में मा0 लोक सेवा अधिकरण द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में उनसे आसन्न कनिष्ठ कार्मिक श्री नरेन्द्र यादव की प्रोन्नति की तिथि से वेतन बैण्ड-3, वेतनमान रू0 15,600-39,100/-, ग्रेड वेतन रू0 5400/- (सातवें वेतन आयोग में पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स के लेवल-10 में रू0 56,100-1,77,500/-) में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (साधारण वेतनमान) में पदोन्नति प्रदान किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- श्री प्रेम सिंह, नवप्रोन्नत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को प्रोन्नति के फलस्वरूप 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रखा जाता है। श्री सिंह की पारस्परिक ज्येष्ठता सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के पद पर यथासमय यथानियम बाद में निर्धारित की जायेगी। श्री सिंह की पदोन्नति के प्रकरण से सम्बन्धित यदि कोई प्रत्यावेदन/विभागीय कार्यवाही/याचिका लम्बित हो तो, उसमें पारित अंतिम निर्णय के अधीन होगी।

3- श्री प्रेम सिंह के तैनाती आदेश पृथक से निर्गत किये जायेगें।

4- श्री सिंह उक्त आदेश का अनुपालन तत्काल सुनिश्चित करेंगे।

एल0 वेंकटेश्वर लू
प्रमुख सचिव।

<u>संख्या-12/2024/2682(1)/तीस-3-2024 तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, उ0प्र0 प्रयागराज।
2. परिवहन आयुक्त, उ0प्र0, लखनऊ।
3. संबंधित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
4. सचिव, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को उप सचिव, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के पत्र संख्या-22(2)/13/पी (9)/एस-1/2023-24, दिनांक 27 सितम्बर, 2024 के संदर्भ में
5. अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन), उ0प्र0, लखनऊ।
6. संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन)/सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), अयोध्या।
7. संबंधित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
8. संबंधित अधिकारी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया अपनी योगदान आख्या संबंधित संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) को देना सुनिश्चित करें तथा शासकीय कार्यहित में पूर्व पद के पदीय दायित्वों का निर्वहन अग्रिम आदेशों तक यथावत करते रहेगें।
9. निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0, प्रयागराज को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया इस विज्ञप्ति/नियुक्ति को उ0प्र0 के सरकारी गजट के आगामी अंक में प्रकाशित कराते हुए मुद्रित राजपत्र की पच्चीस प्रतियां शासन को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

नितिन कुमार गुप्त
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in